भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
उपभोक्ता मामले विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4096
जिसका उत्तर बुधवार, 12 अगस्त, 2026 को दिया जाएगा

ग्राहक खाद्य मूल्य सूचकांक में वृद्धि

4096. एडवोकेट प्रिया सरोज:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) सरकार द्वारा वर्ष 2026 में उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) में वृद्धि के लिए चिन्हित किए गए कारकों और विशेषकर टमाटर और अन्य आवश्यक सब्जियों की कीमतों में हुई तीव्र वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(ख) जुलाई, 2026 की स्थिति के अनुसार निर्धारित बफर मानकों की तुलना में केन्द्रीय पूल में उपलब्ध गेहूं और चावल की मात्रा का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने वर्ष 2026 के रवी विपणन मौसम के दौरान खरीद कार्यों पर बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) वर्ष 2026 के रबी विपणन मौसम के दौरान उत्तर प्रदेश में खरीदे गए गेहूं के खरीद लक्ष्य की तुलना में जिला-वार क्रय किए गए गेहूं का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश में आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों को स्थिर करने और कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए सरकार द्वारा किए गए बाजार हस्तक्षेप उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(श्री बी. एल. वर्मा)

(**क**) : उपभोक्ता मामले विभाग देश भर के 579 मूल्य निगरानी केंद्रों द्वारा प्रस्तुत 41 आवश्यक खाद्य वस्तुओं की दैनिक कीमतों की निगरानी करता है। अनाज, दालों और आदि जैसी आवश्यक खाद्य वस्तुओं के खुदरा मूल्य पिछले वर्ष की तुलना में काफी हद तक स्थिर हैं, जबकि खाद्य तेलों के खुदरा मूल्य अधिक आयात निर्भरता और भू-राजनीतिक तनावों के कारण अनिश्चितताओं के कारण ऊंचे बने हुए हैं। टमाटर और अन्य सब्जियों जैसी अत्यधिक खराब होने वाली वस्तुओं की खुदरा कीमतें, उत्पादन में मौसमी बदलाव और अस्थायी आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान जैसे विभिन्न कारकों के कारण कीमतों में अस्थिरता के प्रति संवेदनशील हैं।

(**ख**) : जुलाई 2026 की स्थिति के अनुसार, निर्धारित बफर मानदंडों के मुकाबले केंद्रीय पूल में उपलब्ध गेहूं और चावल की मात्रा का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(**ग**) : वर्ष 2025-26 में अनाज (गेहूं और चावल) और दालों का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, ज़बरदस्त खरीद और सरकार के पास पर्याप्त स्टॉक होने के कारण से इनकी कीमतें नियंत्रण में बनी हुई हैं।

(**घ**) : वर्ष 2026 के रबी विपणन सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश में खरीद लक्ष्य के बाबत खरीदे गए गेहूं की मात्रा का जिलावार ब्यौरा **अनुलग्नक II** में दिया गया है।

(**ङ**) : सरकार अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) द्वारा नियमित समीक्षाओं के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन और उपलब्धता पर कड़ी नज़र रखती है। समिति नियमित रूप से आवश्यक कृषि-बागवानी वस्तुओं की कीमतों की स्थिति और संभावित रुझानों की समीक्षा करती है तथा घरेलू उत्पादन में वृद्धि और निर्यात-आयात नीतियों में युक्तिकरण के माध्यम से उपलब्धता बढ़ाने के उपाय सुझाती है।

भारत सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और अन्य कल्याणकारी स्कीमों (ओडब्ल्यूएस) की आवश्यकताओं से अधिक बचे हुए खाद्यान्न (गेहूं और चावल) को खुला बाज़ार बिक्री स्कीम (घरेलू) (ओएमएसएस (डी)) नीति के तहत खुले बाजार में बेचती है। यह बाज़ार में खाद्यान्न की उपलब्धता बढ़ाने, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और आम जनता के लिए खाद्यान्न को अधिक सुलभ बनाने में सहायक होता है। इसके अतिरिक्त, आम जनता को रियायती दरों पर आटा और चावल प्रदान करने के उद्देश्य से, खुला बाज़ार बिक्री स्कीम (घरेलू) (ओएमएसएस (डी)) के तहत 'भारत आटा' और 'भारत चावल' क्रमशः 6.11.2023 और 6.02.2024 को शुरू किए गए थे।

मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) बफर में उपलब्ध दालों को उपलब्धता बढ़ाने और बाजार मूल्यों को कम करने के लिए विनियमित रूप से जारी किया जाता है। बाज़ार में उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए बफ़र स्टॉक से दालें जारी की जाती हैं। बफर स्टॉक के माध्यम से बाजार हस्तक्षेप से मार्केट प्लेयर्स को कीमतें कम करने के लिए भी प्रोत्साहन मिलता है। दाल का बफर स्टॉक मार्केट प्लेयर्स द्वारा बेईमान जमाखोरी और हेराफेरी के खिलाफ भी एक निवारक के रूप में कार्य करता है। वर्ष 2025-26 के दौरान, पीएसएफ बफ़र से कुल 4.04 लाख टन दालें खुले बाज़ार में बिक्री के माध्यम से जारी की गईं। साथ ही, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को उनकी कल्याणकारी स्कीमों के लिए मांग और उपलब्धता के अनुसार निरंतर दालों की आपूर्ति की गई। प्याज के संदर्भ में, 2025-26 के दौरान रबी-2025 की कुल 2.87 लाख टन फसल खरीदी गई। रबी और खरीफ प्याज की फसलों के बीच की अवधि में, जब संग्रहीत रबी प्याज खत्म होने के कारण कीमतें बढ़ने की प्रवृत्ति होती है, तब प्याज का बफर स्टॉक कीमतों में मौसमी उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस कमी वाले मौसम के दौरान बाजार में उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को स्थिर करने के लिए सरकारी बफर से प्याज को नियमित और लक्षित तरीके से खुदरा और थोक बिक्री के माध्यम जारी किया जाता है।

अनुलग्नक-I

"ग्राहक खाद्य मूल्य सूचकांक में वृद्धि" के संबंध में एडवोकेट प्रिया सरोज के द्वारा दिनांक 12.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4096 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित अनुलग्नक।

01.07.2026 की स्थिति के अनुसार सेंट्रल पूल में खाद्यान्न का कुल स्टॉक (ओपनिंग बैलेंस)									
(आंकड़े लाख मीट्रिक टन में)									
क्षेत्र	एफसीआई स्टॉक			राज्य एजेंसियों के पास स्टॉक#			कुल केंद्रीय पूल स्टॉक		
	चावल	गेहूँ	योग	चावल	गेहूँ	योग	चावल	गेहूँ	योग
	2	3	4	5	6	7	8	9	10
बिहार	2.58	8.35	10.93	9.65	0.22	9.87	12.23	8.57	20.80
झारखण्ड	3.52	0.52	4.04	0.78	0.15	0.93	4.30	0.67	4.97
ओडिशा	4.63	0.33	4.96	3.16	0.00	3.16	7.79	0.33	8.12
पश्चिम बंगाल	1.06	6.93	7.99	6.30	0.00	6.30	7.36	6.93	14.29
पूर्व अंचल का योग	**11.79**	**16.13**	**27.92**	**19.89**	**0.37**	**20.26**	**31.68**	**16.50**	**48.18**
असम	3.02	0.56	3.58	0.00	0.00	0.00	3.02	0.56	3.58
अरुणाचल प्रदेश	0.36	0.00	0.36	0.00	0.00	0.00	0.36	0.00	0.36
त्रिपुरा	0.37	0.05	0.42	0.00	0.00	0.00	0.37	0.05	0.42
मिजोरम	0.19	0.01	0.20	0.00	0.00	0.00	0.19	0.01	0.20
मेघालय	0.25	0.04	0.29	0.00	0.00	0.00	0.25	0.04	0.29
मणिपुर	0.39	0.00	0.39	0.00	0.00	0.00	0.39	0.00	0.39
नागालैंड	0.44	0.00	0.44	0.00	0.00	0.00	0.44	0.00	0.44
पूर्वोत्तर अंचल का योग	**5.02**	**0.66**	**5.68**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**5.02**	**0.66**	**5.68**
दिल्ली	0.90	2.21	3.11	0.00	0.00	0.00	0.90	2.21	3.11
हरियाणा	45.30	28.34	73.64	0.00	79.40	79.40	45.30	107.74	153.04
हिमाचल प्रदेश	0.28	0.58	0.86	0.00	0.01	0.01	0.28	0.59	0.87
जम्मू और कश्मीर	1.67	0.83	2.50	0.00	0.00	0.00	1.67	0.83	2.50
पंजाब	154.25	25.16	179.41	0.00	114.85	114.85	154.25	140.01	294.26
राजस्थान	0.21	30.91	31.12	0.00	0.00	0.00	0.21	30.91	31.12
उत्तर प्रदेश	30.82	28.50	59.32	0.00	0.00	0.00	30.82	28.50	59.32
उत्तराखण्ड	0.22	1.46	1.68	0.70	0.05	0.75	0.92	1.51	2.43
उत्तर अंचल का योग	**233.65**	**117.99**	**351.64**	**0.70**	**194.31**	**195.01**	**234.35**	**312.30**	**546.65**
आन्ध्र प्रदेश	15.31	0.41	15.72	7.95	0.00	7.95	23.26	0.41	23.67
कर्नाटक	8.91	1.05	9.96	0.00	0.00	0.00	8.91	1.05	9.96
केरल	4.89	0.71	5.60	0.00	0.00	0.00	4.89	0.71	5.60
तमिलनाडु	10.78	1.10	11.88	4.50	0.00	4.50	15.28	1.10	16.38
तेलंगाना	19.37	0.37	19.74	6.61	0.00	6.61	25.98	0.37	26.35
दक्षिण अंचल का योग	**59.26**	**3.64**	**62.90**	**19.06**	**0.00**	**19.06**	**78.32**	**3.64**	**81.96**
गुजरात	3.77	5.48	9.25	0.10	1.10	1.20	3.87	6.58	10.45
महाराष्ट्र	7.96	9.25	17.21	1.97	0.00	1.97	9.93	9.25	19.18
मध्य प्रदेश	8.09	2.78	10.87	5.93	164.98	170.91	14.02	167.76	181.78
छत्तीसगढ	18.77	0.08	18.85	3.85	0.00	3.85	22.62	0.08	22.70
पश्चिम अंचल का योग	**38.59**	**17.59**	**56.18**	**11.85**	**166.08**	**177.93**	**50.44**	**183.67**	**234.11**
योग	**348.31**	**156.01**	**504.32**	**51.50**	**360.76**	**412.26**	**399.81**	**516.77**	**916.58**
***मण्डियों में गेहूं**	**0.00**	**0.17**	**0.17**	**0.00**	**3.86**	**3.86**	**0.00**	**4.03**	**4.03**
परिचालन में स्टॉक	**3.30**	**1.94**	**5.24**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**3.30**	**1.94**	**5.24**
महायोग	**351.61**	**158.12**	**509.73**	**51.50**	**364.62**	**416.12**	**403.11**	**522.74**	**925.85**

*** राजस्थान (एफसीआई 0.05 एलएमटी, राज्य एजेंसियां 0.21 एलएमटी), यूपी (एफसीआई 0.12 एलएमटी, राज्य एजेंसियां 3.62 एलएमटी), एमपी (राज्य एजेंसियां 0.01 एलएमटी), हिमाचल प्रदेश (राज्य एजेंसियां 0.01 एलएमटी), बिहार (राज्य एजेंसियां 0.02 एलएमटी)।**

राज्य सरकार की रिपोर्ट के अनुसार।
1. आवागमन के आंकड़े अनुमानित हैं।
2. चावल की मात्रा में एफसीआई या राज्य एजेंसियों के पास मौजूद बिना छिले धान को शामिल नहीं किया जाता है।
3. एफसीआई और राज्य एजेंसियों के पास बिना कुटी हुई धान की कुल मात्रा = 387.45 एलएमटी (एफसीआई = 0.04 एलएमटी; राज्य एजेंसियां = 387.41 एलएमटी)। 67% के आउट-टर्न अनुपात के आधार पर मिलने वाली सीएमआर = 259.59 एलएमटी

अनुलग्नक II

"ग्राहक खाद्य मूल्य सूचकांक में वृद्धि" के संबंध में एडवोकेट प्रिया सरोज के द्वारा दिनांक 12.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4096 के उत्तर के भाग (घ) में उल्लिखित अनुलग्नक।

खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश					
गेहूँ खरीद सारांश (विपणन वर्ष: 2026-2027)					
क्रम संख्या	**मण्डल**	**जिला**	**खरीद लक्ष्य (मिलियन टन में)**	**कुल खरीद (मिलियन टन में)**	**लक्ष्य की तुलना में खरीद का प्रतिशत**
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**
1	अयोध्या	अमेठी	27500	27257.45	99.12
		अम्बेडकर नगर	31500	31730.69	100.73
		अयोध्या	19500	20742.22	106.37
		बाराबंकी	27000	25070.87	92.86
		सुलतानपुर	19500	23266.61	119.32
मण्डल अयोध्या योग			**125000**	**128067.84**	**102.45**
2	अलीगढ	अलीगढ	41500	41602.84	100.25
		एटा	23500	28442.83	121.03
		कासगंज	10500	11464.93	109.19
		हाथरस	15000	16561.95	110.41
मण्डल अलीगढ योग			**90500**	**98072.55**	**108.37**
3	आगरा	आगरा	25500	16630.91	65.22
		फिरोज़ाबाद	16500	18611.82	112.80
		मथुरा	50500	32934.22	65.22
		मैनपुरी	23500	26788.13	113.99
मण्डल आगरा योग			**116000**	**94965.08**	**81.87**
4	आज़मगढ	आज़मगढ	37000	36382.19	98.33
		बलिया	31000	34387.24	110.93
		मऊ	21500	20621.85	95.92
मण्डल आजमगढ़ योग			**89500**	**91391.28**	**102.11**
5	कानपुर	इटावा	23500	21078.99	89.70
		औरय्या	19500	18533.44	95.04
		कन्नौज	8500	9291.12	109.31
		कानपुर देहात	37500	28650.33	76.40
		कानपुर नगर	27500	20184.60	73.40
		फर्रूखाबाद	15500	11522.43	74.34
मण्डल कानपुर योग			**132000**	**109260.91**	**82.77**
6	गोरखपुर	कुशीनगर	15500	13901.88	89.69

		गोरखपुर	27500	24630.98	89.57
		देवरिया	18000	23328.91	129.61
		महाराज गंज	57000	37551.17	65.88
मण्डल गोरखपुर योग			**118000**	**99412.94**	**84.25**
7	चित्रकूट	चित्रकूट	17000	18486.74	108.75
		बाँदा	32500	33952.89	104.47
		महोबा	55500	36751.65	66.22
		हमीरपुर	75000	50985.15	67.98
मण्डल चित्रकूट योग			**180000**	**140176.42**	**77.88**
8	झाँसी	जलौन	88000	56244.96	63.91
		झांसी	99500	82575.85	82.99
		ललितपुर	69000	62987.55	91.29
मण्डल झाँसी योग			**256500**	**201808.35**	**78.68**
9	देवीपाटन	गोंडा	28000	28360.84	101.29
		बलरामपुर	17500	21607.11	123.47
		बहराइच	63500	44405.01	69.93
		श्रावस्ती	20500	18102.65	88.31
मण्डल देवीपाटन योग			**129500**	**112475.61**	**86.85**
10	प्रयागराज	कौशाम्बी	54500	32293.83	59.25
		प्रतापगढ	23500	29161.07	124.09
		प्रयागराज	57000	77990.80	136.83
		फतेहपुर	38500	37420.48	97.20
मण्डल प्रयागराज योग			**173500**	**176866.18**	**101.94**
11	बरेली	पीलीभीत	83000	35654.81	42.96
		बदायूँ	48500	40984.06	84.50
		बरेली	64000	50835.78	79.43
		शाहजहाँपुर	87000	70978.63	81.58
मण्डल बरेली योग			**282500**	**198453.29**	**70.25**
12	बस्ती	बस्ती	19500	20872.75	107.04
		संत कबीर नगर	14500	13374.22	92.24
		सिध्दार्थनगर	26500	21861.56	82.50
मण्डल बस्ती योग			**60500**	**56108.53**	**92.74**
13	मेरठ	गाज़ियाबाद	2000	1779.45	88.97
		गौतम बुद्ध नगर	5500	5764.34	104.81
		बुलन्दशहर	26500	15519.97	58.57
		बागपत	5000	3051.37	61.03
		मेरठ	7000	6119.65	87.42
		हापुड़	5000	4219.21	84.38
मण्डल मेरठ योग			**51000**	**36453.98**	**71.48**
14	मुरादाबाद	अमरोहा	10500	10453.27	99.55

		बिजनौर	18500	17380.66	93.95
		मुरादाबाद	29500	31133.98	105.54
		रामपुर	43500	36747.03	84.48
		सम्भल	32000	36061.74	112.69
मण्डल मुरादाबाद योग			**134000**	**131776.67**	**98.34**
15	लखनऊ	उन्नाव	20500	24343.42	118.75
		खीरी	79000	68216.51	86.35
		रायबरेली	32000	29745.06	92.95
		लखनऊ	8500	7884.04	92.75
		सीतापुर	47500	50064.62	105.40
		हरदोई	52000	35340.10	67.96
मण्डल लखनऊ योग			**239500**	**215593.76**	**90.02**
16	वाराणसी	गाजीपुर	43000	36632.38	85.19
		चन्दौली	40000	29743.89	74.36
		जौनपुर	33500	32216.02	96.17
		वाराणसी	12000	8935.99	74.47
मण्डल वाराणसी योग			**128500**	**107528.28**	**83.68**
17	विंध्याचल	मिर्ज़ापुर	56000	46620.48	83.25
		संत रविदास नगर	10500	10277.35	97.88
		सोनभद्र	27500	26983.97	98.12
मण्डल विंध्याचल योग			**94000**	**83881.80**	**89.24**
18	सहारनपुर	मुज़फ्फरनगर	14500	16637.10	114.74
		शामली	25000	13114.36	52.46
		सहारनपुर	60000	44375.25	73.96
मण्डल सहारनपुर योग			**99500**	**74126.71**	**74.50**
समग्र कुल			**2500000**	**2156420.18**	**86.26**
खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार					

*****